दैनिक भास्कर 26/09/2024

बिजनेस मॉडल मेकिंग में 30 छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में उद्यमिता क्लब और इन्कयूबेशन सेंटर के सहयोग से बिजनेस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कुल 30 प्रतिभागियों ने अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का आयोजन प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग की डॉ. पिंकी गुप्ता ने किया, जिन्होंने नए उद्यमों की सफलता में अच्छी तरह से संरचित व्यवसाय मॉडल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मॉडलों का मूल्यांकन डॉ. सीमा कंसल और डॉ. नेहा अग्रवाल सहित जजों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया। मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद खेती कवच पर मॉडल ने प्रथम तो सुरक्षित कदम पर मॉडल ने दूसरा व ऑनलाइन व्यवसाय पर मॉडल ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया।